कबीर की भाषा

(व्याकरणिक प्रयोगावृत्तियों का विशेष अध्ययन)

माताबदल जायसवाल
हिन्दी-विभाग
प्रयाग विश्वविद्यालय
प्रयाग

कैलाश ब्रदर्स
इलाहाबाद-३

कबीर की भाषा

(व्याकरणिक प्रयोगावृत्तियों का विशेष अध्ययन)

माताबदल जायसवाल
हिन्दी-विभाग
प्रयाग विश्वविद्यालय
प्रयाग

कैलाश ब्रदर्स

प्रकाशक
कैलाश ब्रदर्स
इलाहाबाद–३,

मूल्य ११.००
संस्करण १९६५

मुद्रक :
लीडर प्रेस,
इलाहाबाद

स्वर्गीया माँ सुखदा देवी
की
पुण्य स्मृति में

भूमिका

हिन्दी भाषा और साहित्य के इतिहास में महात्मा कबीर एक अद्भुत व्यक्तित्व लेकर अवतरित हुए हैं। मसि-कागद और लेखनी का स्पर्श न करने पर भी हिन्दी भारती के मन्दिर में तुलसी, सूर के पश्चात् उन्हीं को आसन दिया जाता है। हिन्दी साहित्य में संभवतः कबीर ही पहले कवि हैं जो संस्कृतरूपी कूप-जल से हट कर साहस-पूर्वक भाषारूपी बहते नीर के पान करने के लिए लोक समुदाय को आमंत्रित करते हैं। काव्य-कला की दृष्टि से भले ही कबीर की भाषा काव्योचित अथवा अलंकृत न हो किन्तु भाषा-वैज्ञानिक दृष्टि से कबीर की भाषा अत्यन्त समृद्धिशाली है। जिस प्रकार हम कबीर को भारतीय साहित्य-धर्म-साधना के चौराहे पर पाते हैं उसी प्रकार भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से कबीर भाषा के चौराहे पर भी आसीन हैं। इसी कारण से मध्य-कालीन समस्त कवियों में कबीर की भाषा का भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन सर्वाधिक महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ अत्यधिक जटिल तथा उलझन में डालने वाला है। आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रथम खेवे के आलोचक जिस प्रकार कबीर के साहित्य-धर्म-उपासना के मूल्यांकन मे पूर्वाग्रह का मोह नहीं त्याग सके उसी प्रकार कबीर की भाषा को भी सधुक्कड़ी, पचरंगी, खिचड़ी, अपरिपक्व आदि नामों से पुकारा गया है। कबीर की भाषा के संबंध में सबसे बड़ी उलझन का प्रथम कारण तो यह था कि कबीर के काव्य का कोई प्रामाणिक पाठ नहीं मिलता था। सौभाग्य से प्रयाग विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा० पारसनाथ तिवारी ने कई वर्षों के सतत प्रयास के पश्चात् कबीर ग्रन्था-वली का एक वैज्ञानिक संपादन प्रस्तुत किया, जिसे प्रयाग विश्वविद्यालय हिन्दी परिषद् ने प्रकाशित किया है। इस ग्रन्थ के प्रकाशन के पश्चात् ही मेरे मन में इस ग्रन्थ के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन की उत्कंठा जागृत हुई। सर्वप्रथम मानक (स्टैंडर्ड) हिन्दी के उद्गम और विकास के लिए सामग्री संकलन के हेतु केवल खड़ी बोली के रूपों को चुनने के लिए सीमित दृष्टि से ही यह अध्ययन आरम्भ हुआ; किन्तु खड़ी बोली के रूप अन्य भाषा-रूपों से इस प्रकार गुथे प्रतीत हुए कि सीमित अध्ययन से न तो मुझे संतोष हुआ और न कबीर के प्रति न्याय होता दीख पड़ा। अतएव कबीर की भाषा का सर्वांगीण रूप से भाषा वैज्ञानिक अध्ययन आरम्भ किया और ध्वनि-पद-वाक्य / तथा शब्द-कोश संबंधी कई सहस्र कार्ड बन गए किन्तु इतना करनेपर भी ऐसा प्रतीत हुआ, कि कबीर की

भूमिका

हिन्दी भाषा और साहित्य के इतिहास में महात्मा कबीर एक अद्भुत व्यक्तित्व लेकर अवतरित हुए हैं। मसि-कागद और लेखनी का स्पर्श न करने पर भी हिन्दी भारती के मन्दिर में तुलसी, सूर के पश्चात् उन्हीं को आसन दिया जाता है। हिन्दी साहित्य में संभवतः कबीर ही पहले कवि हैं जो संस्कृतरूपी कूप-जल से हट कर साहस-पूर्वक भाषारूपी बहते नीर के पान करने के लिए लोक समुदाय को आमंत्रित करते हैं। काव्य-कला की दृष्टि से भले ही कबीर की भाषा काव्योचित अथवा अलंकृत न हो किन्तु भाषा-वैज्ञानिक दृष्टि से कबीर की भाषा अत्यन्त समृद्धिशाली है। जिस प्रकार हम कबीर को भारतीय साहित्य-धर्म-साधना के चौराहे पर पाते हैं उसी प्रकार भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से कबीर भाषा के चौराहे पर भी आसीन हैं। इसी कारण से मध्य-कालीन समस्त कवियों में कबीर की भाषा का भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन सर्वाधिक महत्वपूर्ण होने के साथ-साथ अत्यधिक जटिल तथा उलझन में डालने वाला है। आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रथम खेवे के आलोचक जिस प्रकार कबीर के साहित्य-धर्म-उपासना के मूल्यांकन में पूर्वाग्रह का मोह नहीं त्याग सके उसी प्रकार कबीर की भाषा को भी सधुक्कड़ी, पचरंगी, खिचड़ी, अपरिपक्व आदि नामों से पुकारा गया है। कबीर की भाषा के संबंध में सबसे बड़ी उलझन का प्रथम कारण तो यह था कि कबीर के काव्य का कोई प्रामाणिक पाठ नहीं मिलता था। सौभाग्य से प्रयाग विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा० पारसनाथ तिवारी ने कई वर्षों के सतत प्रयास के पश्चात् कबीर ग्रन्था-वली का एक वैज्ञानिक संपादन प्रस्तुत किया, जिसे प्रयाग विश्वविद्यालय हिन्दी परिषद् ने प्रकाशित किया है। इस ग्रन्थ के प्रकाशन के पश्चात् ही मेरे मन में इस ग्रन्थ के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन की उत्कंठा जागृत हुई। सर्वप्रथम मानक (स्टैंडर्ड) हिन्दी के उद्गम और विकास के लिए सामग्री संकलन के हेतु केवल खड़ी बोली के रूपों को चुनने के लिए सीमित दृष्टि से ही यह अध्ययन आरम्भ हुआ; किन्तु खड़ी बोली के रूप अन्य भाषा-रूपों से इस प्रकार गुथे प्रतीत हुए कि सीमित अध्ययन से न तो मुझे संतोष हुआ और न कबीर के प्रति न्याय होता दीख पड़ा। अतएव कबीर की भाषा का सर्वांगीण रूप से भाषा वैज्ञानिक अध्ययन आरम्भ किया और ध्वनि-पद-वाक्य/ तथा शब्द-कोश संबंधी कई सहस्र कांड बन गए; किन्तु इतना करने पर भी ऐसा प्रतीत हुआ; कि कबीर की

भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन के लिए केवल ध्वनि-पद-शब्दकोश संबंधी एक या अनेक प्रयोगों के संकलन मात्र से कबीर की भाषा की प्रकृति को पहचानना कठिन होगा—अतएव इस उद्देश्य से पुनः अध्ययन आरम्भ किया गया कि कबीर के काव्य साखी-सबद-रमैनी में आए हुए समस्त व्याकरणिक प्रयोगों की समस्त प्रयोगावृत्तियो (Frquencies) का विवेचन किया जाए। इसी उद्देश्य की पूर्ति में लगभग २५० पृष्ठो का यह छोटा-सा एक प्रबन्ध तैयार हो गया है।

प्रस्तुत प्रबंन्ध में कबीर की भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन तथा विश्लेषण का प्रयास किया गया है। मध्यकालीन कवियों में कबीर की भाषा हिन्दी भाषा के विकास की दृष्टि से जितनी अधिक महत्वपूर्ण है उतनी ही अधिक समस्यामूलक तथा उलझन मे डालने वाली है। प्रस्तुत अध्ययन में इसी उलझे प्रश्न को सुलझाने का प्रयास किया गया है। इस प्रबंध की निम्नलिखित विशेषताएँ द्रष्टव्य है :—

१—हिन्दी साहित्य के प्रथम खेवे के आलोचक कबीर की भाषा के सम्बन्ध मे अपने-अपने पूर्वाग्रह का मोह त्यागने में असमर्थ थे यही कारण है, कि सधुक्कड़ी, पचरंगी, खिचड़ी तथा अपरिपक्व आदि नामों से कबीर की भाषा को संबोधित किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में विना किसी पूर्वाग्रह के, विना किसी पक्षपात के वस्तुपरक विश्लेषण तथा विवेचन के आधार पर जो भी निष्कर्ष निकले सच्चाई से पाठकों के सम्मुख रख दिये गये हैं।

२—अध्ययन-पद्धति की दृष्टि से प्रस्तुत अध्ययन में ऐतिहासिक भाषा विज्ञान की यूरोपीय पद्धति (जिसका अनुसरण भारत में डा० चटर्जी, डा० सक्सेना तथा डा० धीरेन्द्र वर्मा आदि विद्वानों ने अपने शोध प्रबन्धों में किया) तथा अमरीकी पद्धति का समन्वित रूप अपनाया गया है।

३—कबीर की भाषा में प्रयुक्त प्रत्येक व्याकरण पद की प्रयोगावृतियों (Frequencies) का विवेचन इस अध्ययन की सबसे बड़ी मौलिकता अथवा विशेषता कही जा सकनी है। वर्तमान बोलियों की दृष्टि से कबीर की काव्य-भाषा में भिन्न-भिन्न बोलियों के रूप प्रयुक्त हुए हैं। अतएव कबीर की मूलाधार बोली का निर्धारण तब तक नहीं हो सकता जब तक कि एक ही व्याकरणिक अर्थ को प्रकट करने वाले रूपों की प्रयोगावृत्तियों का तुलनात्मक तथा सापेक्षिक विवेचन नहीं किया जायगा। उदाहरणार्थ संबंधकारकीय परसर्ग के रूप में क० ग्रं० में 'का' 'को' 'कौ' केर' 'क' आदि अनेक परसर्ग प्रयुक्त हुए है। वर्तमान युग में ये भिन्न-भिन्न परसर्ग भिन्न-भिन्न हिन्दी की बोलियों से संबंधित है। प्रस्तुत अध्ययन में इतना ही बता देना पर्याप्त नहीं समझा गया कि क० ग्रं० मे सबंधकारकीय परसर्ग के रूप में 'का', 'को', 'कौ' केर', 'क' आदि अनेक परसर्ग प्रयुक्त हुए हैं, बल्कि इस तथ्य का भी विवेचन किया गया है, कि कौन परसर्ग कितनी बार

प्रयुक्त हुआ है। इतना ही नहीं, समध्वनीय भिन्नार्थक पदों (Homphonous) की भी प्रयोगावृत्तियों का विवेचन किया गया है। उदाहरणार्थ क० गं० में पुरुषवाचक सर्वनाम उत्तम पुरुष, ए० व० का पदग्राम 'मैं' और अधिकरणकारकीय परसर्ग 'मैं' समध्वनीय होने पर भी दो भिन्न-भिन्न पदग्राम हैं।

४—प्रस्तुत अध्ययन में प्रयोगाधिक्य के आधार पर ही क० काव्य की मूलाधार बोली का निर्धारण किया गया है। क० गं० में अनेक ऐसे रूप मिलेंगे जो तत्कालीन खड़ी, ब्रज, अवधी, राजस्थानी मे सर्वनिष्ट हैं। ऐसे रूपों को मूलाधार बोली की प्रकृति-निर्धारण में नहीं लिया गया, इसके लिये केवल उन्हीं रूपों या पदों की प्रयोगावृत्तियों का सापेक्षिक अध्ययन किया गया है, जो खड़ी, राजस्थानी, ब्रज, अवधी, भोजपुरी आदि हिन्दी की बोलियों में भिन्न-भिन्न रूपों में पाये जाते है। यथा—संबंधकारकीय परसर्ग के रूप में 'की' सर्वनिष्ट है, किन्तु 'का' केवल खड़ी में 'को' 'कौ' केवल ब्रज, राजस्थानी में तथा 'केर' 'क' केवल अवधी, भोजपुरी में प्रयुक्त होते है। अतएव ये रूप मूलाधार बोली के निर्धारण में सहायक हो सकते हैं। प्रस्तुत अध्ययन में इन्ही विशिष्ट रूपों के आधार पर मूलाधार बोली (Basic dialect) का निर्धारण हुआ है। इस विषय में भी केवल एक पद श्रेणी मे प्रयोगाधिक्य देखकर तुरन्त कोई निष्कर्ष नही निकाला गया, बल्कि संज्ञा, सर्वनाम विशेषण, क्रिया, अव्यय आदि समस्त पदश्रेणियों (Paradigm) में प्रयोगाधिक्य देखकर ही किसी बोली को मूलाधार बोली (basic dialect) की संज्ञा दी गई है। इस पद्धति को अपनाने पर प्रस्तुत अध्ययन में जो निष्कर्ष निकले ह, उनके संबंध में (मेरी जानकारी मे) न तो किसी भी विद्वान ने संकेत किया और न मैंने ही इस निष्कर्ष की प्रस्तावना मन में सोची थी। भले ही इस प्रबन्ध के निष्कर्ष अंतिम निष्कर्ष न ठहरें, किन्तु वस्तुपरक वैज्ञानिक पद्धति को अपनाते हुए इस प्रकार के परिणाम तक पहुँचने का यह अपने ढंग का प्रथम मौलिक प्रयास है।

५—आधुनिक भाषाविज्ञान की तुलनात्मक पद्धति को अपनाते हुए कबीर से १ शती पूर्व तथा १ शती पश्चात् और कबीर के समसामयिक कवियों की भाषा और क० गं० की भाषा के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर कबीर के आविर्भाव-काल तथा प्रस्तुत पाठ (कबीर ग्रंथावली—हिन्दी परिषद विश्वविद्यालय प्रयाग [illegible] का [illegible]लनिर्णय करने का प्रयास किया गया है। इस तुलनात्मक अध्ययन को वैज्ञा[illegible] यदि पूर्णतया किया जाता तो इसी दिशा में इतना ही विस्तृत एक प्रबन्[illegible] हो सकता था, किन्तु स्थानसंकोच के कारण इस दिशा में इतना विस्[illegible]न संभव नही हो सका, फिर भी इस दिशा को अपना कर कबीर के काल निर्ण[illegible] पद्धति की ओर संकेत किया गया है। इस प्रकार कबीर की भाषा चदरि[illegible] का वैज्ञानिक विश्लेषण करके उसे 'जस की तस' धर देने का प्रयास ही [illegible] मुख्य उद्देश्य

भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन के लिए केवल ध्वनि-पद-शब्दकोश संबंधी एक या अनेक प्रयोगों के संकलन मात्र से कबीर की भाषा की प्रकृति को पहचानना कठिन होगा—अतएव इस उद्देश्य से पुनः अध्ययन आरम्भ किया गया कि कबीर के काव्य साखी-सबद-रमैनी में आए हुए समस्त व्याकरणिक प्रयोगों की समस्त प्रयोगावृत्तियों (Frquencies) का विवेचन किया जाए। इसी उद्देश्य की पूर्ति मे लगभग २५० पृष्ठों का यह छोटा-सा एक प्रबन्ध तैयार हो गया है।

प्रस्तुत प्रबन्ध में कबीर की भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन तथा विश्लेषण का प्रयास किया गया है। मध्यकालीन कवियों में कबीर की भाषा हिन्दी भाषा के विकास की दृष्टि से जितनी अधिक महत्वपूर्ण है उतनी ही अधिक समस्यामूलक तथा उलझन में डालने वाली है। प्रस्तुत अध्ययन में इसी उलझे प्रश्न को सुलझाने का प्रयास किया गया है। इस प्रबंध की निम्नलिखित विशेषताएँ द्रष्टव्य है :—

१—हिन्दी साहित्य के प्रथम खेवे के आलोचक कबीर की भाषा के सम्बन्ध मे अपने-अपने पूर्वाग्रह का मोह त्यागने में असमर्थ थे यही कारण है, कि सधुक्कड़ी, पचरगी, खिचड़ी तथा अपरिपक्व आदि नामों से कबीर की भाषा को संबोधित किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में बिना किसी पूर्वाग्रह के, बिना किसी पक्षपात के वस्तुपरक विश्लेषण तथा विवेचन के आधार पर जो भी निष्कर्ष निकले सच्चाई से पाठकों के सम्मुख रख दिये गये हैं।

२—अध्ययन-पद्धति की दृष्टि से प्रस्तुत अध्ययन में ऐतिहासिक भाषा विज्ञान की यूरोपीय पद्धति (जिसका अनुसरण भारत में डा० चटर्जी, डा० सक्सेना तथा डा० धीरेन्द्र वर्मा आदि विद्वानों ने अपने शोध प्रबन्धों में किया) तथा अमरीकी पद्धति का समन्वित रूप अपनाया गया है।

३—कबीर की भाषा में प्रयुक्त प्रत्येक व्याकरण पद की प्रयोगावृत्तियों (Frequencies) का विवेचन इस अध्ययन की सबसे बड़ी मौलिकता अथवा विशेषता कही जा सकती है। वर्तमान बोलियों की दृष्टि से कबीर की काव्य-भाषा में भिन्न-भिन्न बोलियों के रूप प्रयुक्त हुए हैं। अतएव कबीर की मूलाधार बोली का निर्धारण तब तक नही हो सकता जब तक कि एक ही व्याकरणिक अर्थ को प्रकट करने वाले रूपों की प्रयोगावृत्तियों का तुलनात्मक तथा सापेक्षिक विवेचन नही किया जायगा। उदाहरणार्थ संबंधकारकीय परसर्ग के रूप में क० ग्रं० में 'का' 'को' 'कौ' केर' 'क' आदि अनेक परसर्ग प्रयुक्त हुए हैं। वर्तमान युग में ये भिन्न-भिन्न परसर्ग भिन्न-भिन्न हिन्दी की बोलियों से संबंधित हैं। प्रस्तुत अध्ययन में इतना ही बता देना पर्याप्त नही समझा गया कि क० ग्रं० में संबधकारकीय परसर्ग के रूप में 'का', 'को', 'कौ' केर', 'क' आदि अनेक परसर्ग प्रयुक्त हुए हैं, बल्कि इस तथ्य का भी विवेचन किया गया है, कि कौन परसर्ग कितनी बार

प्रयुक्त हुआ है । इतना ही नहीं, समध्वनीय भिन्नार्थक पदों (Homphonous) की भी प्रयोगावृतियों का विवेचन किया गया है । उदाहरणार्थ क० गं० में पुरुषवाचक सर्वनाम उत्तम पुरुष, ए० व० का पदग्राम 'मैं' और अविकरणकारकीय परसर्ग 'मैं' समध्वनीय होने पर भी दो भिन्न-भिन्न पदग्राम हैं ।

४—प्रस्तुत अध्ययन में प्रयोगाधिक्य के आधार पर ही क० काव्य की मूलाधार बोली का निर्धारण किया गया है । क० गं० में अनेक ऐसे रूप मिलेंगे जो तत्कालीन खड़ी, ब्रज, अवधी, राजस्थानी में सर्वनिष्ट हैं । ऐसे रूपो को मूलाधार बोली की प्रकृति-निर्धारण मे नहीं लिया गया, इसके लिये केवल उन्हीं रूपों या पदों की प्रयोगावृत्तियो का सापेक्षिक अध्ययन किया गया है, जो खड़ी, राजस्थानी, ब्रज, अवधी, भोजपुरी आदि हिन्दी की बोलियों में भिन्न-भिन्न रूपों में पाये जाते हैं । यथा——संबंधकारकीय परसर्ग के रूप में 'की' सर्वनिष्ट है, किन्तु 'का' केवल खड़ी मे 'को' 'कौ' केवल ब्रज, राजस्थानी में तथा 'केर' 'क' केवल अवधी, भोजपुरी में प्रयुक्त होते है । अतएव ये रूप मूलाधार बोली के निर्धारण मे सहायक हो सकते हैं । प्रस्तुत अध्ययन में इन्हीं विशिष्ट रूपों के आधार पर मूलाधार बोली (Basic dialect) का निर्धारण हुआ है । इस विषय में भी केवल एक पद श्रेणी में प्रयोगाधिक्य देखकर तुरन्त कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया, बल्कि सज्ञा, सर्वनाम विशेषण, क्रिया, अव्यय आदि समस्त पदश्रेणियों (Paradigm) में प्रयोगाधिक्य देखकर ही किसी बोली को मूलाधार बोली (basic dialect) की संज्ञा दी गई है । इस पद्धति को अपनाने पर प्रस्तुत अध्ययन में जो निष्कर्ष निकले है, उनके संबंध में (मेरी जानकारी में) न तो किसी भी विद्वान ने सकेत किया और न मैंने ही इस निष्कर्ष की प्रस्तावना मन में सोची थी । भले ही इस प्रबन्ध के निष्कर्ष अन्तिम निष्कर्ष न ठहरें , किन्तु वस्तुपरक वैज्ञानिक पद्धति को अपनाते हुए इस प्रकार के परिणाम तक पहुँचने का यह अपने ढंग का प्रथम मौलिक प्रयास है ।

५——आधुनिक भाषाविज्ञान की तुलनात्मक पद्धति को अपनाते हुए कबीर से १ शती पूर्व तथा १ शती पश्चात् और कबीर के समसामयिक कवियों की भाषा और क० ग० की भाषा के तुलनात्मक अध्ययन के आधार पर कबीर के आविर्भाव-काल तथा प्रस्तुत पाठ (कबीर ग्रंथावली——हिन्दी परिषद विश्वविद्यालय प्रयाग) का कालनिर्णय करने का प्रयास किया गया है । इस तुलनात्मक अध्ययन को वैज्ञानिक रूप से यदि पूर्णतया किया जाता तो इसी दिशा में इतना ही विस्तृत एक प्रबन्ध और तैयार हो सकता था, किन्तु स्थानसंकोच के कारण इस दिशा में इतना विस्तृत अध्ययन संभव नहीं हो सका, फिर भी इस दिशा को अपना कर कबीर के काल निर्णय की नयी पद्धति की ओर संकेत किया गया है। इस प्रकार कबीर की भाषा चदरिया के ताने बाने का वैज्ञानिक विश्लेषण करके उसे 'जस की तस' धर देने का प्रयास ही इस प्रबंध का मुख्य उद्देश्य

रहा हूँ। इस प्रयास में सफलता कहाँ तक मिली इसे तो पारखी विद्वान ही कह सकते हे। अपनी तुच्छ बुद्धि के साथ इस संबंध में मौन रहना ही मैं अपने लिये श्रेयस्कर समझता हूँ।

इस कार्य को आरम्भ करके इसे गन्तव्य स्थल तक पहुँचाने की सतत प्रेरणा तथा मीठी फटकार अग्रज तुल्य डा॰ लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय (डीन स्टूडेन्ट वेलफेयर—इलाहाबाद यूनीवर्सिटी) से मिलती रही है। प्रस्तुत अध्ययन में मध्यकालीन अवधी के लिए डॉ॰ बाबूराम सक्सेना, ब्रज भाषा के लिए डॉ॰ धीरेन्द्रवर्मा तथा भोजपुरी के लिए डॉ॰ उदयनारायण तिवारी की कृतियों से विशेष सहायता मिली है। इस अध्ययन में उठने वाली अनेक भाषा वैज्ञानिक ग्रन्थियों के सुलझाने में अपने वरिष्ट सहयोगी डॉ॰ हरदेव बाहरी के सत्परामर्श तथा निर्देशन से मैं अत्यंत लाभान्वित हुआ हूँ।

डॉ॰ राम कुमार वर्मा (अध्यक्ष हिन्दी विभाग प्रयाग वि॰ वि॰), डॉ॰ उदयनारायण तिवारी (अध्यक्ष हिन्दी विभाग ~~प्रयाग विश्वविद्यालय~~ जबलपुर विश्वविद्यालय), डॉ॰ हरदेव बाहरी (वरिष्ट प्रवक्ता हिन्दी विभाग विश्वविद्यालय, प्रयाग) की सम्मति से प्रयाग विश्वविद्यालय ने प्रस्तुत अध्ययन को डी॰ फिल के समकक्ष स्वीकार किया है। इन समस्त गुरुजनों और वरिष्ट अध्यापकों के प्रति विनम्र कृतज्ञता प्रकट करना मैं अपना पुनीत कर्त्तव्य समझता हूँ। मेरे सुहृद, सहपाठी तथा सहयोगी डॉ॰ पारसनाथ तिवारी द्वारा संपादित 'कबीर ग्रंथावली' तथा 'शब्दकोश' के बिना प्रस्तुत अध्ययन दु:साध्य था। अपने और उनके बीच में धन्यवाद की दीवाल नहीं उठाना चाहता। मेरे मित्र तथा सहयोगी डॉ॰ मोहन अवस्थी, रमानाथ शर्मा तथा अन्य सहयोगियों के विचारविमर्श के फलस्वरूप अनेक उपयोगी सुझाव मिले हैं। कैलाश प्रेस इलाहाबाद के उदीयमान प्रकाशक श्री रामनाथ मेहरोत्रा के उत्साह के लिए साधुवाद देने में मुझे हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव होता है।

माताबदल जायसवाल

शिवरात्रि २०२२

— ———

विषय-सूची

वर्णग्रामिक अनुशीलन GRAPHEMICS

१० कबीर (सं० १४५६-१५७५) की काव्य (साखी-सबद-रमैनी) भाषा के 'गठनात्मक अध्ययन' (Structural Study) के लिए सर्वप्रथम यह आवश्यक है, कि जिस लेखनप्रणाली में कबीर की भाषा लिखित रूप में प्राप्त है उसका वर्णग्रामिक[1] विश्लेषण कर लिया जाय। इस उद्देश्य-पूर्ति में सबसे बड़ी कठिनाई यह है कि न तो कबीर ने स्वयं कभी कलम हाथ में धरा; न मसिकागद छुआ[2] और न कबीर की समसामयिक हस्तलिखित प्रति ही मिली। भाषा की भांति लेखन-प्रणाली में भी यदा-कदा मंथरगति से परिवर्तन होता रहता है। कभी-कभी भाषा तो विकसित होकर परिवर्तित हो जाती है; किन्तु परम्परा का प्रेमी लिपिकार लेखन-प्रणाली की प्राचीन पद्धति को ही अपनाए रहता है और कभी-कभी परिवर्तन-प्रेमी लिपिकार लेखन-प्रणाली मे इतना अधिक परिवर्तन कर देता है, कि एक ही पदग्राम या ध्वनिग्राम को अभिव्यक्त करने के लिए कई प्रकार की वर्तनी (Spelling) प्रचलित हो जाती है। जिसके माध्यम से प्राचीन भाषा के मूलस्वरूप को पहचानना अति दुस्साध्य हो जाता है। फिर भी किसी प्राचीन अथवा मध्यकालीन भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन के लिए उसका समसामयिक या कालान्तर में प्राप्त लिखित रूप ही एकमात्र साधन है। अतएव ऐसे अध्ययन के लिए वर्णग्रामिक (Graphemic) विश्लेषण भाषा-गठन की प्रथम परत (Level) है। वर्णग्रामिक विश्लेषण का महत्त्वपूर्ण पुनर्परीक्षण (Check) अन्य ध्वनिग्रामिक परम्पराओं यथा—मात्रा, बलाघात, सुराघात, तुक और छंदपूर्ति आदि अन्य साधनों से हो सकता है।

१.१ ना. प्र. स. द्वारा प्रकाशित तथा डा० श्यामसुन्दर दास द्वारा संपादित कबीर

---

१. वर्णग्राम (प्रत्येक अभिलेख का लघुत्तम लेखन रूपों) (Graphs) में खंडीकरण (Segmentation) हो सकता है। ऐसे लघुत्तम लेखन रूपों को जिनका पारस्परिक आगमन वर्णक्रम में अन्य किसी लघुत्तम लेखन रूप से संबंधित नहीं होता वर्णग्राम (Graphem) कहा जाता है और जिन वर्णों का पारस्परिक आगमन वर्णक्रम में अन्य लघुत्तम लेखन रूपों से पूर्णरूपेण पूर्वाभासित हो जाता है उन्हें 'सहवर्णग्राम' (Allographs) कहा जा सकता है।

—हेनरी एम० होनिग्सवाल-लैंग्वेज चेंज एण्ड लिंग्विस्टिक्स अध्याय- २.२१

२ मसि कागद छुआ नहीं कलम धरी नहिं हाथ...

ग्रन्थावली में संपादक का कथन है, कि जिस हस्तलिखित प्रति के आधार पर यह ग्रन्थ सम्पादित किया गया है, उसकी पुष्पिका में संवत् १५६१[1] विक्रमी का उल्लेख हुआ है; किन्तु अनेक कारणों से इसकी पुष्पिका पर सन्देह किया जाता है। हिन्दी परिषद् विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित 'कबीर ग्रन्थावली' के संपादक डा० पारसनाथ तिवारी का अनुमान है, कि उक्त पुष्पिका में उल्लिखित संवत् कदाचित् शक् संवत् है जो विक्रमीय संवत् १६९६ के लगभग पड़ता है।[2] किन्तु इस प्रति के वर्णग्रामिक विश्लेषण (प्रथम और अंतिम पृष्ठ के आधार पर) से तो इसका प्रतिलिपि-काल संवत् १६९६ भी मानने में संकोच होता है; क्योंकि वे वर्णग्राम जो हिन्दी वर्णग्राम में बाद में आए हैं इसमें मिलते हैं। यथा—

(१) प्रस्तुत प्रति में 'ड' का सहवर्ण ग्राम 'ड०' (ड़) भी मिलता है :—

हाड०ी = हाड़ी (आधुनिक) पृ० १
उघाडि०या = उघाड़िया (") "
लडि० पड० या = लड़िपड़या (") "

(२) मध्यकाल की हस्तलिखित प्रतियों नं० का 'ज्ञ' वर्णग्राम 'ग्य' वर्णग्राम के रूप में मिलता है जब कि, इसमें यह 'ज्ञ' के रूप में ही मिलता है। 'ज्ञ' लिखने की प्रवृत्ति हिन्दी में कालान्तर में १७ वीं शती ई० के बाद विकसित हुई है।

१.२ अभी तक की खोजों के अनुसार देवनागरी लिपि में 'ड' का सहवर्णग्राम 'ड' १९वीं शताब्दी के प्रथम चरण से ही मिलता है। इसके पूर्व १७ वीं शती ई० की किसी भी प्रति में ऐसा नहीं मिलता। यह तो संभव है कि सहवर्णग्राम— 'ड०' — सहवर्णग्राम 'ड़' का पूर्व रूप हो किन्तु अन्य किसी प्रति में न मिलने से यह तो सिद्ध हो जाता है, कि यह प्रति १५६१ संवत् की नहीं हो सकती है अतएव कबीर की काव्य भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह प्रति विशेष महत्वपूर्ण नहीं सिद्ध होती। डा० पारसनाथ तिवारी के अनुसार पुरोहित हरिनारायण के संग्रह में सुरक्षित प्रति जो अब अत्यन्त जीर्ण हो गयी है संवत् १७१५ (१६५८ ई०) में लिखी गई है। कबीर की जितनी प्रतियाँ मिली है उनमें तिथि काल की दृष्टि से यह प्रति सर्वाधिक प्राचीन है।

---

१. डा० श्यामसुन्दर दास—कबीर ग्रन्थावली—ना० प्र० स०, भूमिका पृ० १
"कबीरदास जी के ग्रन्थों की इन दो प्रतियों में से एक तो संवत् १५६१ की लिखी है और दूसरी संवत् १८८१ की"

२. डा० पारसनाथ—कबीरग्रन्थावली—हिन्दी परिषद, प्रयाग विश्वविद्यालय १९६१ ई०, भूमिका पृ० १२।

देवनागरी लिपि एक आक्षरिक लिपि (Syllabic Script) है जिसमें आक्षरिक वर्णग्रामों (Syllabic Graphems) के माध्यम से ही स्वर तथा व्यंजन के द्योतक निम्नलिखित वर्णग्राम प्रयुक्त हुए हैं। इन वर्णग्रामों को आधुनिक देवनागरी लिपि में प्रयुक्त वर्णग्रामों के संदर्भ में निम्नलिखित रूप से स्पष्ट किया जा सकता है।

[ ] में सहवर्णग्राम और < > में वर्णग्राम दिए गए हैं खेद है कि मुद्रण की कुछ असुविधाओं के कारण यहाँ पर मूल प्रति के वर्णग्राम ज्यों के त्यों नहीं दिए जा सके।

१.२

	हस्तलिखित प्रति के वर्णग्राम	आधुनिक वर्णग्राम		संदर्भ
(१)	<अ>	<अ>	अंक	सा० ४. २०. १
(२)	<आ> [-ा]	<आ> [-ा]	आंकुस	सा० २९. १६. २
(३)	<उ>	<उ> [ु]	उतग	प० २. १९. २
			अंकुर	प० ११९. ५
			गुरु	प० २. १
(४)	<ऊ>	<ऊ> [ू]	अकूरु	प० १९८. ४
			ऊँच	प० १९६. ५
			गुरू	प० १४६. ७
(५)	<ओ> [ो]	<ओ> [ो]	ओंकार	र० १. १
			अगोचर	प० ७२. ४

N. B. वर्णग्रामिक गठन तीन सन्दर्भों में प्रयुक्त होता है:—

१. Syllabic writing :—अक्षरात्मक लिपि वह लिपि है जिसमें लिपिग्रामिक गठन के अनुसार एक लिपिग्राम-एक Syllable या अक्षर प्रकट करता है—

यथा : क=क्+अ

ग=ग्+अ

२. Alphabetic writing :—जिसमें एक वर्णग्राम एक ध्वनिग्राम प्रकट करता है—

यथा— k = क्

b = ब्

३. Ideo Grapic :—जिसमें एक वर्णग्राम एक पदग्राम (Morphem) प्रकट करता है। यथा— चीनी भाषा

(६) <औ> [-ौ]	<औ> [ौ]	औगुन	सा० ६. ५. १
		अचंभौ	प० ११०. ३
(७) <ए> [े]	<ए> [े]	एक	२५
(८) <ऐ> -[ै]	<ऐ> [ै]	ऐसा	प० १३. ७
		अंचवै	प० १२२. १३
(९) <इ> [-ि]	<इ> [ि]	इक	प० ३७. १४
		अखिया	मा० २. २३. ९
(१०) <ई> [-ी]	<ई> [ी]	ईधन	प० १०५. १
		अंगुरी	सा० २५. ७. १
(११)	<ऋ> ृ	मृतक	प० १४८. ४
		मृत्यु	र० १२. २
रि	<ऋ>	त्रिन	प० ६२. ५
		त्रिखि	प० १६२. ७
		त्रिखा	प० १४५. ६
		त्रिसना	प० ५०. ३

१.४

(१२) <क> [क]	<क> [क+]	अंक	सा० ४. २०. २
		क्यूँ	प० ६८. ६
		क्वांरी	प० १६०. २
		भक्ति	प १३२२.५ .१८०.१
(१३) <ष> [ष]	<ख> [ख+]	षंड	प० १३२.५
		षजूरि	सा० २२. १. १
		ष्वार	सा० २१. २२. १
(१४) <ग> [ग]	<ग> [ग+]	अंग	प० १११. १०
		ग्यारसि	प० १७७. ६
(१५) <घ>	<घ>	ऊघ	सा० ७. १२. १
(१६) <च> [च]	<च> [च]	अंचलि	प० १६२. ९
		पच्छिम	प० १७७. १०
(१७) <छ>	<छ>	अछता	सा० १५. ८०. २
(१८) <ज> [ज]	<ज> [ज]	अंतरजामी	प० १७. २
		ज्यूँ	प० २२. ५
		ज्वाब	सा० २६. ८. २
(१९) <झ>	<झ>	अबूझ	१४. ६. १

(२०)	<ट>	<ट> [ट]	अघट्ट	सा० १. १५. १
(२१)	<ठ>	<ठ>	अठ	प० ३१. २
(२२)	<ड>	<ड>	डहडही	सा० १२. २. १
(२३)	<ढ>	<ढ>	ढीकुली	सा० १२. ६. १
(२४)	<ण>	<ण>	अजाण	सा० ११. १०. २
(२५)	<त>	<त> [त]	अंत	प० ९. ४
			तत्व	सा० १६. १४. १
			तत्त	प० १. ८
(२६)	<थ>	<थ>	अकथ	प० ११७.९
(२७)	<द>	<द>	अंदेस	सा० ६. ७. २
			द्यौस	सा० १५. ३८. २
			द्यों	सा० १. ९. १
(२८)	<ध›	<ध>	अंधरा	प० १५७. ६
(२९)	<न>	<न>	अंधियन	र० ३६. ९
			न्यारा	प० १४. ४
(३०)	<य̥>	<य>	अंबियन	र० ३६. ९
(३१)	<र>	<र>	अक्रूर	प० ११८. ४
			क्रिसन	प० १०३. ४
(३२)	<ल> [ल]	<ल> [-ल]	अंकुल	प० ९७. ५
			ल्यौ	प० ३५. ९
(३३)	<व̥>	<व>	अंचवै	प० १२२. १३
			वहै	प० १३. ४
(३४)	<स> [ष] [स] [श]	<स> [स]	सोना	सा० १५. २५. २
			अदिष्ट	सा० १४. ६. १
			तष्टा	सा० २१. २५. १
			अष्ट	
			अस्थूल	सा० १७.५.२
			श्री रंग	प० १०. ८
			श्री गोपाल	प० २६. ३
			श्री राम	प० ४६. ६
(३५)	<ह>	<ह>	हमारा	प० ५. ६
(३६)	(प) (ए)	(प) (ए)	पंजर	सा० २. ३३. १
			प्यारा	प० ६ ४

(३७)	<फ>	<फ>	इफतरा	प० ८७. ३
(३८)	<व>[व+	<ब> ब	बउरा	प० ९७. १
			वब्बा	प० ११०. ३
			ब्याही	प० ११०. ३
(३९)	<भ>	<भ>	भइया	प० १२५. १
(४०)	<म>[म]	<म>	अंकमाल	सा० ५. ३९. २
(४१)	<ग्य>	<ज्ञ>	ग्यांन	र० चौ० १. २
			ग्याता	प० १३८. ७
(४२)	<त्र>	<त्र>	त्रिकुटी	प० १४४. ६
			त्रिगुण	प० ५३. ७
			पत्र	प० १८. ३
(४३)	<ꣳ>	<ꣳ> (÷)	बास	प० १४. ४
			अंति	प० १८. २

(४४) वाक्य विराम
या
वाक्य विवृति (॥) (।)   ॥ श्रीरामजी ॥

(४५) (॥-॥) (।) किसी भी छंद के अन्त में
(वाक्य के पूर्व या छंद के दो या चार चरणों के बाद)

N. B.—< > में लिखित वर्णग्राम जिस वर्णग्रामिक वातावरण में आएँगे उसमें [ ] लिखित वर्ण नहीं आएंगे। और जिस वर्णग्रामिक वातावरण में [ ] वर्णग्राम आयें उसमें < > नही आएँगे। अतएव दोनों परिपूरक वितरण में होने के कारण [ ] में लिखित वर्ण (Allograph) सह वर्णग्राम हो जाते हैं।

१५ उपर्युक्त ४५ वर्णग्रामों की सूची के अनुशीलन से निष्कर्षतः कहा जा सकता है—१७ वी शती ई० (१८ वी शती विक्रमी) में लिखी हस्तलिखित प्रति में अधिकांश वर्णग्राम (Graphem) अपने सहवर्णग्रामों (Allographs) के सहित आधुनिक देवनागरी में प्रयुक्त वर्णग्रामों के समान है। केवल कुछ ही वर्णग्रामों में कुछ भिन्नता मिलती है।

(१) '(अै)' आधुनिक (ऐ) वर्तमान ऐ वर्णग्राम से भिन्न है यद्यपि दोनों का सहवर्ण ग्राम या 'मात्रा' समान है। ' ` ' केवल ए को बोध कराने का सहवर्णग्राम है इसी भ्रम को दूर करने के लिए संभवतः अ के ऊपर ` लगने की प्रथा चली है।

(२) प्राचीन वर्णग्राम ऋ, वर्तमान देवनागरी लिपि में वर्तमान है (भले ही हिन्दी में ऋ ध्वनि न हो) जब कि मध्यकालीन इस प्रति में सर्वत्र यह एक संयुक्त लिपिग्राम 'रि' में परिवर्तित हो गया है केवल तीन प्रयोगों में मात्रा ृ के रूप में ऋ विद्यमान है।

(३) ख एक प्राचीन लिपिग्राम है संभवतः ख से र व का भ्रम हो जाने के कारण सर्वत्र प्राचीन ख का ष से लिखने की प्रणाली चल पड़ी होगी। क्योंकि मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं में मूर्धन्य 'ष' ध्वनिग्राम के लुप्त हो जाने से 'ष' वर्णग्राम अतिरिक्त (Redundant) हो गया था अतएव उसका प्रयोग 'ख' के स्थान में होने लगा।

(४) <ङ>, <ञ> प्राचीन लिपिग्राम थे; किन्तु मध्यकाल के पश्चात आधुनिक भा० आ० के लेखन प्रणाली मे लुप्त हो चुके प्रतीत होते हैं।

(५) <ड़> <ढ़> लिपिग्राम इस समय तक संभवतः आविष्कृत नहीं हुए थे भले ही भाषा में ये संस्वन (Allophone) विकसित हो गए थे।

(६) <य़्> <व़्> के नीचे बिन्दु लगाकर लिखने की प्रथा थी यद्यपि <य> <व> प्राचीन लिपिग्राम है संभवतः मिलते जुलते लिपिग्राम 'प व मे भ्रम न उत्पन्न हो इसलिए य, व को नीचे बिन्दु लगाकर लिखने की प्रथा चली होगी।

(७) व से सर्वत्र 'ब' का बोध होता था। यद्यपि १९वीं शती उत्तरार्ध मे 'ब' लिखने की प्रथा फिर से प्रचलित हो रही थी।

(८) प्राचीन ज्ञ और त्र दोनों संयुक्त लिपिग्राम थे—मध्यकाल में संभवतः क्रमशः ग्य और त्र के रूप में सुरक्षित रहे। मध्यकालीन क्ष इस प्रति में संयुक्त लिपिग्राम के रूप में 'क्ष' नहीं मिलता है।

(९) श् केवल स् के सहलिपि ग्राम के रूप में अवशेष था जो केवल र् के साथ ही लेखन पद्धति में प्रचलित था। इसी प्रकार 'ष्' भी 'स्' का सहलिपिग्राम था जो केवल ट, ठ, ड, ढ, ण के पूर्व लिखा जाता था।

(१०) अनुस्वार ं और अनुनासिकता ं दोनों के लिए केवल ं लिपिग्राम प्रचलित था। अर्थ की भिन्नता से ही यह भेद प्रकट होता था।

(११) वाक्यांश के अंत में या छंद पूर्ति के पश्चात् केवल बाह्य विवृति या बाह्य विराम (Terminal Juncture) लिखने की प्रथा थी। अन्त विवृत्ति (Internal Juncture) सूचक अन्य विराम चिन्हों का अभाव था।

(१२) अनुस्वार सूचक ' ं ' से कहीं कही द्वित्व भी प्रकट किया गया है—
यथा—

फरकि—फरक्कि
पंगी—पग्गी प० १. ७
पटंतरै – पट्टन्तरै सा० १. १

ध्वनिग्रामिक अनुशीलन

२.० ध्वनिग्रामिक विश्लेषण, तथा बलाघात-सुराघात, मात्रा, तुक, ध्वनि-पद-वाक्य-गठन के आधार पर कबीर की कविता में ४१ ध्वनिग्रामों की स्थापना की जा सकती है। इनमें ३९ खंडीय (Segmental phonemes) तथा २ खंडतर ध्वनिग्राम (Supra Segmental Phonemes) है। खंडीय ध्वनिग्रामों के अन्तर्गत १० स्वर तथा २९ व्यंजन ध्वनिग्राम[1] है क्योंकि ये ध्वनियाँ स्वल्पान्तर युग्म (Minimal pair) में आकर अर्थभेदक होती हैं अर्थात् समान ध्वन्यात्मक परिवेश (Identical phonetic environment) में घटित होकर भी व्यतिरेकात्मक (Contrastive) रहती हैं, इसीलिए इन्हें ध्वनिग्रामों की संज्ञा दी जा सकती है।

२.१ मूल स्वर अ आ इ [इ़] ई उ [उ़] ऊ

ए (ए) ओ [ओ़]

संयुक्त स्वर ऐं [अए–अइ़] [ऐ]

औं अओ–अउ

[ ] के अन्तर्गत सहध्वनि ग्राम (Allophone) अंकित किए गए है।

---

१. **ध्वनिग्राम** (Phoneme) 'A minimum unit of distinctive sound feature' Bloomfield. 'Language' 5·4

अर्थात

भाषा की लघुतम अर्थ भेदक इकाई को ध्वनिग्राम की संज्ञा दी जाती है।

सहध्वनिग्राम (Allophone) "Any sound or subclass of sounds which is in complementary distribution with another so that the two together constitute a single phoneme is called an allophone of that phoneme"

—H. A. Gleeson 'An Introduction to Descriptive Linguistics'—16.10

अध्ययन सामग्री केवल लिखित रूप मे प्राप्त है अतएव उपर्युक्त ध्वनिग्रामों के सध्वनियों (Allophones) की ध्वन्यात्मक प्रकृति (Phonetic nature) उच्चारण स्थान, प्रयत्न, श्रोत्रीय प्रभाव (Acoustic effect) के संबंध में निश्चित रूप से कुछ नही कहा जा सकता है। ध्वनिग्रामिक वितरण (Phonemic distribution) के फलस्वरूप अनुमान किया जा सकता है कि उपर्युक्त स्वर अल्पाधिक रूप से आधुनिक मानक हिन्दी (Standard Hindi) के समान हैं। अतएव आधुनिक हिन्दी के संदर्भ में इन स्वरों को मानचित्र में निम्नलिखित रूप से दिखाया जा सकता है।

समान ध्वन्यात्मक परिवेश में घटित होने तथा स्वल्पान्तर युग्म म अर्थभेदकता के गुण से समन्वित होने के कारण उपर्युक्त स्वरों की ध्वनिग्रामिक (Phonemic) स्थिति आधुनिक मानक हिन्दी मे सहज सिद्ध हो जाती है। अन्य आ० मा० आ० भाषाओं में भी इनकी यही स्थिति है। अतएव कबीर ग्रन्थावली की भाषा में स्वल्पान्तर युग्मों (Minimal pair) के दृष्टान्त देकर इनकी ध्वनिग्रामिक स्थापना की विशेष आवश्यकता प्रतीत नही होती है।

क. ग्र. मे अनुस्वार और विवृत्ति, गौण ध्वनिग्राम (Secondary phoneme) के रूप में पाए जाते हैं। इनकी स्थापना स्वल्पान्तर युग्मों के आधार पर सिद्ध होती है।

———

व्यंजन ध्वनिग्राम

२२ कबीर ग्रंथावली की एक चौंतीस रमैनी में संस्कृत के ५२ [1] अक्खरों (अक्षरों) की परंपरा की ओर संकेत किया गया है। प्रस्तुत रमैनी में 'ओं (ओंकार) के अतिरिक्त किसी स्वर से कोई रमैनी नहीं आरम्भ की गई; किन्तु एक-एक व्यंजन से आरम्भ करके ३४ रमैनी होती है। इस रमैनी के प्रत्येक प्रथम चरण में आने वाली व्यंजन ध्वनियों का क्रम तथा विवरण निम्नलिखित है।

						[स]	
क्	च्	ट्	त	प्	[ज]	[ष]	[न]
ख्	छ्	ठ्	थ्	फ्	र्	स्	
ग्	ज्	ड्	द्	ब	ल्	ह्	
घ्	झ्	ढ्	ध्	भ्	व्		
[न्]	[न्]	ण्	न्	म्			

प्रस्तुत व्यंजन तालिका के सन्दर्भ में कबीर ग्रन्थावली में प्रयुक्त स्वल्पान्तर युग्मों में व्यतिरेकात्मक रूप बनाए रखने वाले व्यंजन ध्वनिग्रामों का विश्लेषण करने से यह ज्ञात होता है। (१) कि उपर्युक्त तालिका में अधिकांश वही व्यंजन ध्वनिग्राम हैं जो कबीर-काल के पूर्व संस्कृत-पाली-प्राकृत-अप० में वर्तमान थे और जो आज आधुनिक हिन्दी तथा उसकी बोलियों में पाए जाते हैं। [ ] मे चिन्हित ध्वनियों की स्थिति विचारणीय है। प्रस्तुत रमैनी में 'घ' और 'झ' के पश्चात् क्रम से 'न' लिपिग्राम से ही पंक्तियाँ आरम्भ की गई है, जिससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि (क) वर्णक्रम मे घ के पश्चात् 'ङ०' और 'झ' के पश्चात् आने वाले 'ञ' ध्वनि की ध्वनिग्रामिक स्थिति नहीं रह गई थी अतएव उन्हें 'ङ०, 'ञ' प्राचीन लिपिग्रामों से व्यक्त करना उपयुक्त नहीं समझा गया (ख) फिर भी ये ध्वनियाँ संभवतः संस्वन के रूप में उच्चरित होती थीं, क्योंकि यदि उच्चरित न होती तो घ और झ के बाद 'न' से पंक्ति आरम्भ करने की आवश्यकता न पड़ती। अतएव यह सिद्ध हो जाता है कि 'ङ०' 'ञ' ध्वनिग्राम तो नहीं थे, किन्तु 'न' के संस्वन के रूप में प्रयुक्त होते थे और (ग) ये केवल सवर्गीय ध्वनियाँ थी अर्थात् कवर्ग के पूर्व ध्वनिग्राम 'न' ङ० संस्वन के रूप में चवर्ग के पूर्व 'न' ध्वनिग्राम [ञ] संस्वन के रूप में सुनाई पड़ता था। (घ) यह भी सिद्ध हो जाता है कि ये संस्वन केवल माध्यमिक स्थिति में प्रयुक्त होते थे—आदिम और अंतिम स्थिति मे

---

१. बावन अक्खिर लोक त्रै—सब कछु इनहीं मांहि"—चौ० र० १

इनकी उपस्थिति नहीं मिलती है। कबीर ग्रन्थावली में प्राप्त सामग्री के आधार पर भी उपर्युक्त निष्कर्ष की सिद्धि हो जाती है। यथा —

(क० ग्रं०)	ककार	कङ०कर
	कगन	कङ०गन
	कंचन	कञ्चन
(क० ग्र०)	कंखर	कङ्खर
	गंगा	गङ्गा
(क० ग्र०)	चंचु	चञ्चु

(२) इसी प्रकार ढ के पश्चात् ण लिपिग्राम से पंक्ति आरम्भ की गयी है जिससे यह संकेत मिल जाता है कि कबीर ग्रन्थावली में ण को एक ध्वनिग्राम के रूप में माना गया है। जो आदिम-मध्यम-अंतिम तीनों स्थिति में प्रयुक्त होता था। कहीं-कहीं 'न' और 'ण' मुक्त परिवर्तन (Free Variation) की स्थिति में हैं।

(३) नागरी वर्णमाला में परम्परा से प्रयुक्त वर्णक्रम में पवर्ग के पश्चात् अर्धस्वर (अंतस्थ) 'य' आता है। अतएव प्रस्तुत रमैनी में 'म' के पश्चात् रमैनी 'य' से आरम्भ होनी चाहिए थी, किन्तु रमैनी में 'य' के स्थान से 'ज' लिपिग्राम प्रयुक्त है। इससे यह संकेत मिल जाता है, कि कबीर काल में 'य' के स्थान में 'ज' होने लगा था। कबीर ग्रन्थावली में प्रस्तुत सामग्री के विश्लेषण से ध्वनिग्राम के रूप में 'य' की स्थापना भलीभाँति हो जाती है। हाँ यह अवश्य है कि आदिम स्थिति में उसका प्रयोग बहुत ही सीमित है।

(४) उपर्युक्त वर्णक्रम (लिपिग्राम क्रम) में परम्परा के अनुसार 'व' के पश्चात्–श लिपिग्राम आना चाहिए, किन्तु रमैनी में 'श' से कोई पंक्ति नहीं आरम्भ की गई, अतएव यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है, कि कबीर 'श' की स्थिति न तो ध्वनि-ग्रामिक और न सहध्वनि ग्रामिक मानते है। यही कारण है, कि इसके द्योतन के लिए परम्परा से प्रचलित 'श' लिपिग्राम भी नहीं दिया गया—कबीर ग्रन्थावली की भाषा सामग्री के विश्लेषण से भी इस तथ्य की पुष्टि हो जाती है कि 'श' ध्वनिग्राम के रूप में नहीं मिलता है। विरल संस्वन (Rare allophone) के रूप में श्री में (श्+र्) यह वर्तनी में अवश्य वर्तमान है—भले ही उच्चारण स्री के समान रहा हो।

(५) प्राचीन नागरी लिपिग्राम क्रम (वर्ण क्रम) के अनुसार 'श्' के पश्चात् क्रमशः 'ष' लिपिग्राम आना चाहिए। वैदिक तथा संस्कृत भाषा में इस लिपिग्राम से मूर्धन्य 'ष' का बोध कराया जाता था, किन्तु पाली-प्राकृत–अप० में ही इसकी ध्वनिग्रामिक स्थिति लुप्त हो चुकी थी फिर भी कबीर ने अपनी रमैनी में व के पश्चात् इस लिपि-ग्राम से रमैनी की एक पंक्ति आरम्भ की है। अतएव इसे हम 'स' लिपिग्राम का सहलिपि-ग्राम मान कर 'स' के एक संस्वन का द्योतक स्वीकार करेंगे। कबीर ग्रन्थावली में आदि-

कागतः मूर्धन्य ध्वनियों के पूर्व सर्वत्र। (ष) सह-लिपिग्राम का प्रयोग हुआ है। यथा— अदिष्ट, तष्टा, अष्ट आदि। इस ध्वन्यात्मक परिवेश (ष) से 'ख' ध्वनिग्राम को नहीं बल्कि स ध्वनिग्राम के एक संस्वन का ही बोध कराया गया है। रमैंनी में व के पश्चात ष से कबीर का यही मन्तव्य रहा होगा। अतएव इस 'ष' को प्रस्तुत सन्दर्भ में ख ध्वनिग्राम का बोधक नहीं माना जा सकता है।[1]

(६) रमैंनी में ह के पश्चात् (ष) लिपिचिह्न पुनः दिया गया है। परम्परा से प्रचलित नागरी लिपिग्राम क्रम (वर्णक्रम) में ह के पश्चात् सयुक्त लिपिग्राम क्ष आता है। मध्यकाल में प्राचीन क्ष क्ख, ख में परिवर्तित हो गया था अतएव कबीर ने इसके स्थान मे 'ख' ध्वनिग्राम दिया है जिसे आधुनिक नागरी की लिपिग्राम माला के अनुसार 'ख'[2] मे व्यक्त करना चाहिए। 'ष' लिपिग्राम से नहीं।

(७) कबीर ग्रन्थावली में त्र, ग्य (ज्ञ) संयुक्त व्यंजनों को त्र और ग्य से युक्त लिपिग्राम से व्यक्त किया गया है, किन्तु प्रस्तुत रमैंनी में नहीं दिया गया। इस प्रकार उपर्युक्त रमैंनी में लिखित लिपिग्रामो के आधार पर भाषा वैज्ञानिक विवेचन से यह संकेत मिल जाता है कि कबीर ग्रन्थावली में कबीर काल तक भाषा के ध्वनिग्रामात्मक गठन में जो परिवर्तन आ गया था उसे किसी न किसी प्रकार स्वीकार किया गया है। अर्थात् वे पुराने ध्वनिग्राम जो अपनी ध्वनिग्रामिक स्थिति खो बैठे थे और केवल किसी अन्य ध्वनिग्राम के संस्वन के रूप में वर्तमान थे इन्हें केवल संस्वन के रूप में ही व्यक्त किया गया था फिर भी उस समय तक की हिन्दी में जो नयी ध्वनियाँ या नए संस्वन विकसित हुए थे उन्हें द्योतित नहीं किया गया है। (१) कबीर काल तक ड का एक नया सस्वन 'ड़' और 'ढ' का एक नया संस्वन 'ढ़' विकसित हो गया था किन्तु प्रस्तुत रमैंनी में इस तथ्य की ओर संकेत नहीं किया गया है। (२) न, म, ल के महाप्राण रूप क्रमश न्ह, म्ह, ल्ह—नए ध्वनिग्रामों के रूप में विकसित हो गए थे—

यथा.— कान्ह – प० १६५-४, १. १२. १

१. कबीर ग्रन्थावली के संपादक डा० पारसनाथ तिवारी ने इस प्राचीन 'ष' सहलिपिग्राम को भूल से 'ख' ध्वनिग्राम का बोधक समझ कर आधुनिक 'ख' लिपिग्राम से व्यक्त किया है। किन्तु प्रस्तुत सन्दर्भ में इसे 'ख' ध्वनिग्राम का बोधक नहीं अपितु स के एक संस्वन का बोधक मानना चाहिए—अतएव यहां 'ष' लिपि चिन्ह ही लिखना चाहिए। ख लिपिचिन्ह से नहीं—भले ही अन्यत्र सर्वत्र ष लिपिचिह्न आधुनिक ख का स्थानापन्न हो किन्तु यहाँ पर ऐसा नहीं है। यहाँ का ष[स] है, ख नहीं।

२. कबीर ग्रन्थावली के संपादक डा० तिवारी ने इसे 'ष' लिपिचिन्ह से व्यक्त किया है जो वैज्ञानिक नहीं प्रतीत होता है।

कान्ह — प० १२६, १३१-१०

कालि — सा० १६. ७२. २

काल्हि — सा० १५. २२. २, २. १२. २

कुमार

कुम्हार — सा० १२. १. २, १५. ६४. १

तरेंकात्मक (अर्थभेदक) रूप बनाए रखने के कारण 'न्ह' तो
प के रूप में ही माना जाएगा—ल्ह, म्ह की ध्वनिग्रामिक स्थिति
स प्रकार कबीर ग्रन्थावली में पाए जाने वाले २९ व्यंजनों को
के सन्दर्भ में निम्नलिखित तालिका में व्यक्त किया जा सकता

दन्त्य	वर्त्स्य	मूर्धन्य	तालव्य	कंठ्य	काकल्य
त् द् थ् ध्		ट् ड् ठ् ढ		क् ग् ख् घ्	
			च् ज् छ् झ्		
	न्, न्ह	ण्	[ञ]	[ङ]	
	ल् (ल्ह्)				
	र्				
		(ड़्) (ढ़्)			
	स्				ह्
			य्		

२.३ खंडतरध्वनिग्राम

ये ध्वनिग्राम मूलखंडीयध्वनिग्रामों के ऊपर एक अतिरिक्त परत : की तरह प्रयुक्त होते है।

(१) अनुस्वार और अनुनासिकता

वास	सा० ९. २३. २, १५. ६७. १ " १८. २. १ २०. ८. १ = सुगंधि : :
बास–	प० १४. ४, सा० २२. ८. २, २२. १३. १ = बांस
अति-	प० १५. ११, ५१. ८ : = बहुत—विशेष
अंति	प० १८. २, सा० १५. ४. २ : = अंतिम-
पड़ा-	सा० १. २०. २ : = पड़ना का भूतकालिक रूप :
पंडा	प० १६३. ४ : = पुजारी :
खडा-	८. १३ . १ : खड़ा होना का भूतकालिक रूप
खंडा-	प० १४३. ५ : खंड : भाग+आ :
पख-	सा० १७. २. २
पंख-	प० १. ३

(२) आंतरिक विवृत्ति

तिन का ।। सा० २. ५०. २ : = घास :

तिन+का ।। प० ८०. ५ : = उनका सर्वनाम :

जन महि ।। सा० १५. ६. १ (जनम को)

जन+महिं ।। (जनमें)

कबीर-ग्रन्थावली में अनुस्वार तथा विवृत्ति जहाँ एक ही ध्वन्यात्मक परिवेश (Phonetic environment) में आने पर व्यतिरेकात्मक होकर अर्थ-भेदक होते है वहीं उन्हें एक ध्वनिग्राम की संज्ञा दी जाएगी अन्यथा नहीं। यही कारण है कि कबीर ग्रन्थावली में इन्हें गौण ध्वनिग्राम कहा जा सकता है, क्योंकि य कभी ध्वनिग्राम होते है कभी नहीं।

अनुस्वार के निम्नलिखित ६ संस्वन मिलते हैं—

(ङ०) ङ० मिश्रित अनुनासिकता—जिसे कवर्गीय अनुनासिकता कहा जा सकता है, यथा:— कङगन

पङ्कज — प० ३०. ३

पङ्ख -- प० १. ३

: : 'ञ' मिश्रित अनुनासिकता यह चवर्गी अनुनासिकता है

यथा :— कञ्चन

चञ्चल

	पञ्चे	१५. ६१. १
	पञ्जर	२. ३३. १

(ण्) ण् मिश्रित अनुनासिकता—यह मूर्धन्य अनुनासिकता है

यथा:—	डण्डा	प० ६२. ६
	डण्ड	प० १४३ ४
	डण्डूल	सा० २५. २४. १
	पण्डित-	प० ८५. ८
	पण्डा-	प० १६३. ४

(न) न् मिश्रित अनुनासिकता— यह दन्त्य अनुनासिकता है

यथा:— था	पन्थी	२. ३१. १

(म्) म् मिश्रित अनुनासिकता— यह पवर्गीय अनुनासिकता है —

यथा.—	कुम्भ	प० ३४. ८
	कुम्भक	प० १५. ७

(ॅ) यह शुद्ध अनुनासिकता है जो उपर्युक्त ध्वन्यात्मक परिवेश के अतिरिक्त घटित होती है। यथा:— बांस- प० १४. ४

संक्रामक अनुनासिकता—परवर्ती न् म् के प्रभाव से उनके पूर्व की ध्वनि अनुनासिक हो जाता है ।

यथा—	नांम	प० २०. ६, २०. ८
	रांम	५. १० ५.१२
	बांन	१२१.४, १३२. २

२.४ **स्वरध्वनिग्राम-वितरण**

उपर्युक्त खंडीय स्वरध्वनिग्राम शब्द की आदिम, माध्यमिक और अंतिम तीनों स्थितियों में मिलते हैं। संध्वनियों : (allophones) सहित इनकी उपस्थिति के उदाहरण निम्नलिखित हैं:—

स्वर ध्वनिग्राम	संध्वनि	आदिम-संदर्भ	माध्यमिक-संदर्भ	अन्तिमस्थिति	संदर्भ
अ	अ	अकास प० १०२. ५	अगम प० १. १०	अवद्ध	सा० १. १५. १
		सा० १३. ३. १	सा० ९. ५. १	डिम्भ	प० ८६. ७
	अं, अँ	अंक सा० ४. २०. २	अभिअंतर प० १३०. ९	कहं	प० ३. ७
		अँखियन प० २. २६. ९			
आ	आ	आखर प० १६. ४	माल सा० ४. ३९. २	अंगना	प० १५. ६
		आगम प १०१. ३	अगार प० २. ५३. १	अंगा	प० ७९. ५

	औ	आवरा सा० १. ६. १ सा० १८. ६. १		अखियाँ सा० २. ३२. १
इ	इ	इक प० ३७. ४	अंखियन सा० २.३६.९	अवाइ सा० १५.१४.२
	इं	इंद्र प० १४. ९. ६	आंखिन प० १३७. २ किवा प० १०. ९	अगहिं प० १६०. ७
	इ ०			जोकोइ सा० ४. ४०. १ सब कोइ ४. ४२. १ सोइ २८. ७. १
ई	ई	ईमान प० १७२. ३	अमीता प० ६४. ४	अढ़ाई प० ११. ४
	ईं	ईधन प० १०५. १		कहीं सा० १५. ८७. १
उ	उ	अनइय प० ११७, २ अकुर प० १९. ५	कउआ प० २८. ४	अकूस प० १९८. ४
	उं	उजियारा १५. ६२. १		किएउं प० ११. ३ कवहुं प० १७. ६
	उ्	× × × × × × ×		सुखदेउ सा० ४. ४०. २ पांचउ सा० ५. १. २
	ऊ	ऊगा सा० ९ ५. १	अकूस प० १९८. ४	अबधू प० ५६. १
	ऊं	ऊहा सा० २९ १९. २	आऊगा प० ११३. १ कनफूका प० १६५. ५	अजहूं प० २३. ७ कबहूं प० ३६. ३
ए	ए	एकल प० १६४. ६	अहेरी र० १२. १	आए प० ५. २
	एं		केंचुली सा० २४.१६.२ मेंडुक प० ८४. ६	कहें प० २९. ४ सुनें प० २९. ५
	ए्		बेवहारा र० १४. १४ कछु एक चौ० र० १।२ कोइ एक सा० २८.७.२ लेइ र० ३. १	
ऐ	ऐ	ऐसा प० १३. ७	आवैगी प० १२. १	अंचवै प० १२२. १३
	ऐ्		कै० र० ११	(सुखकै विरखियउ जगत- उपाया २. ११)
	ऐं	ऐंड़ प० ७३. २	करैंगे सा० १५. ५६. १ वैंन सा० २८. ७. १	आदरैं सा० ११.१५. २ सोनैं प० १३१. २
ओ	ओ	ओढ़न प० ५३. ५	अगोचर प० ७२. ४	आओ प० १५. ९

औं		ओंकार चौ० र० १।५ कोंपल सा० १९. १७. १ का प० ७२. ११ सा० १४. ४१. २		
		कोंह्रा प० ७६. ४		
ओं		सोंइ सा० २८. ७. १		
		जोंलहा र० १८		
		सोंइ र० २. ६		
		जोंलहै प० ५३. ६		
		जो कोंइ सा० ४. ४०. १		
		सब कोंइ ४. ४२. ४		
औ	औ	औघट चौ. र २.८ / औतार प. १५४.४	कसौटी सा. १९ ४.१	अचमौ प. ११०.३
	औं	औंवा प. ११२.७	लौंन सा. १.२४.१	कहौं प. ९०.७ / र. १७.१०
ऋ	+	+	+ +	+ +
			मृतक प. १४८.४ / मृत्यु र. २.१२.२	

उपर्युक्त उद्धरणों के विवेचन से निष्कर्ष निकाल सकते हैं :—

(१) अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ—में से प्रत्येक स्वर के कम से कम २ सहध्वनिग्राम अवश्य मिलते है। एक तो निरनुनासिक और दूसरा सानुनासिक रूप। दोनों एक दूसरे के परिपूरक रूप में आए हैं, क्योंकि दोनों कहीं भी एक ही ध्वन्यात्मक परिवेश में नहीं आते। केवल कुछ ही स्थल हैं जहाँ दोनों एक ही ध्वन्यात्मक परिवेश में आकर स्वल्पान्तर युग्म का निर्माण करते है और अर्थभेदकता का लक्षण सुरक्षित रखते हैं ऐसे स्थलों में अनुस्वार एक खंडेतर ध्वनिग्राम के रूप में माना जाएगा। यथा—बास - बांस, अति - अंत आदि।

(२) इ उ ए ओ में से प्रत्येक का एक तीसरा सहध्वनिग्राम इ उ ए ओ भी मिलता है जिसकी स्थापना लिपिग्रामिक गठन से तो संभव नहीं होती किन्तु दोहा (साखियों) और चौपाई (रमैनियों) में छन्द की मात्रा गणना तथा तुक के सहारे इनकी सहध्वनिग्रामिक स्थापना की जा सकती है। ये स्वर न तो आक्षरिक थे और न इनके सानुनासिक रूप ही मिलते है।

(इ) (उ) किसी लिपिग्राम या सहलिपिग्राम से चिन्हित नहीं किए गए। फिर भी अनुमान लगाया जा सकता है, कि ह्रस्व स्वर के पश्चात् आने वाले शब्दान्त या अक्षरान्त के इ और उ ह्रस्व इ, उ से भी ह्रस्वतर उच्चारण रहे होंगे।

यथा- स्वारथ को सब कोइ सगा—जग सगलाही जांन । ४.४२.१
कबीर बिचारा क्या करे—सुख देइ बोले साखि ४.४०.२

आधुनिक अवधी की भाँति इनका उच्चारण फुसफुसाहट स्वर के निकट रहा होगा। (ए) (ओ) को व्यक्त करने के लिए कोई लिपिग्राम या सहलिपिग्राम नही मिलता है। प्रकृतित. ये दोनों स्वर दीर्घस्वर हैं छंद शास्त्र के अनुसार इनकी दो मात्राएं निर्धारित है; किन्तु कबीर ग्रन्थावली में यत्र-तत्र शब्द के मध्य में इन्हें ह्रस्व मानने से ही छदगूति मभव होती है। अतएव यह अनुमान लगाया जा सकता है कि शब्द के आदि और मध्य में ह्रस्व ए॒ और ओ॒ उच्चरित होते थे।

यथा :—(ए) तेरा जन एक आध है कोई — (प. ३२)

(ई) स्वरथ को सब कोइ. सगा — १३ मात्राएँ (४-४२-१)

(ओ) कबीर जो कोइ. सुंदरी — १३ मात्राएँ

(औ) गुन गावैं लो लीन होइ. — १३ मात्राएँ

(ए) कछु एक मन में और — ११ मात्राएँ

(औ) ओ हु मारग पावै नहीं — १३ मात्राएँ

(ए.) भूलि परै एहि माहिं — ११ मात्राएँ

(३) ऋ मूल स्वर के रूप में ऋ का उच्चारण कबीर से पूर्व ही प्राकृत और अपभ्रंश काल में ही लुप्त हो चुका था। कबीर ग्रन्थावली में तो ऋ लिपिग्राम भी नहीं मिलता—केवल इसका सहलिपिग्राम ही मिलता है—यथा—मृत्य, मृतक—इस प्रकार कुछ विरल शब्दों में मात्रा के रूप में ही इस स्वर की कल्पना की जा सकती है। अन्यथा इस स्वर का उच्चारण रि या इर् में परिवर्तित हो गया था।

(४) ऐ (अै) औ—आधुनिक हिन्दी में 'ऐ', औ दोनों संयुक्त स्वर के रूप में उच्चरित होते हैं। कबीर ग्रन्थावली में दोनों स्वरों के बोधक लिपि-ग्राम (अै औ या सहलिपिग्राम) ै, ौ मिलते हैं। अतएव अनुमान यही है, कि कबीर में ये दोनो संयुक्त स्वर के रूप में प्रयुक्त हैं; किन्तु निश्चय के साथ यह नहीं कहा जा सकता, कि इनका उच्चारण आधुनिक मानक हिन्दी की भाँति (अए। अओ) था अथवा आधुनिक ब्रज और खड़ी बोली की भाँति मूलस्वर अर्धविवृत दीर्घस्वर (यथा—पैसा ऐंपन् चलै) और, बौर, चलिओ आदि के निकट था अथवा आधुनिक अवधी की भाँति इनका उच्चारण अइ अउ की ओर अधिक झुका था—क्योंकि कबीर ग्रन्थावली में अइ, अउ, के स्वर ६: मिलते हैं। अतएव अइ—अउ उच्चारण की संभावना भी हो सकती है।

व्यंजन वितरण

२५ कबीर ग्रन्थावली में निम्नलिखित समस्त व्यंजन ध्वनिग्राम शब्द या अक्षर की आदिम और माध्यमिक स्थिति में निश्चयात्मक रूप से वर्तमान हैं। अंतिम स्थिति में इन व्यजनों की उपस्थिति बहुत निश्चित नहीं है क्योंकि कबीर ग्रन्थावली की भाषा छंदोबद्ध भाषा है जिसमें छंद पूर्ति के लिए ह्रस्व ध्वनि को दीर्घ और दीर्घ को ह्रस्व बना देना साधारण बात है। कबीर ग्रन्थावली में शब्दों को व्यंजनान्त मान लेने पर छंद-पूर्ति या मात्रापूर्ति संभव नहीं। अतएव छंद को आधार मान कर हमें यही कहना पड़ेगा कि कबीर ग्रन्थावली में शब्द के अन्त में व्यंजन की उपस्थिति नहीं मानी जा सकती है। शब्दों को स्वरान्त ही मानना पड़ेगा। छंदबद्ध भाषा में अकारान्त शब्द जनसामान्य की भाषा में भी अकारान्त (स्वरान्त) थे अथवा व्यंजनात्मक—यह स्थिति स्पष्ट नहीं है। अतएव अकारान्त शब्दों के उपांत में आने वाले व्यंजनों का भी विवरण प्रस्तुत विवेचना में देना उपयुक्त समझा गया है।

व्यजनध्वनिग्राम संस्वन	आदिम स्थिति		माध्यमिक स्थिति-		उपान्त या अंतिमस्थिति]
क्-क्	कंवल-	प. १८ ३	अंकुल-	प. ९७.५	अंक - ४.२०.२
ख्-ख्	खंखर	सा. १५.४५.२	अंखियन-	सा. २.३६.९	अलख - प १४५ ४
	खड़ा-	८ १३ १			
ग्-ग्	गग	प. २४.३	अंगना	प. १५.६	जग- प २ ५
घ्-घ्	घड़ा-	प. ८.२	अवट्ट	१.१५.१	अघ- प. १४५.६
च्-च्	चरखा	प ११० ७	अंचलि	प. १६२.९	ऊँच- प. ११६.५
छ्-छ्	छपरा-	सा. ४.४७.२	अछता	सा. १५.८०.२	कूछ- सा. ९.९.२
ज्-ज्	जंजाल-	३.१४.१	अंतरजामी	प. १७.२	अकाज-सा. ३.१८ १
झ्-झ्	झगरा-	प. २७.१	अबूझी	सा. ४.१२.२	अबूझ- सा. १४.६.
ट्-ट्	टकसार	सा. ९.४१.२	अवट्ट	मा १ १५ १	ओट्- सा ३:१० २
ठ्-ठ्	ठगिनि-	प १६३.१	अठारह	प. १५५.७	अठ- प. ३१.२
			डड्डा	चो. र. ४.५	
ड-ड	डंड	प ६२ ६	कुंडलि	सा० ७ १.१	अखंड प १६० ६
			डंड	प ६२ ६	
			डंडूल	२५ २४ १	

उड़ाइ सा १६ ३७ २ अबिहड़ ८ १६ १

ड़ उजाड़ि सा ४ ३ ३ १ अजड़ ४ ४ २

कड़िया सा १६ ३८.२ ऐंड़- प. ७३.२

कड़ुवापन ०५.६१.१

कनड़ा- १५.६१.१ आघड़- २९.६.१

छड़ी- ३१.५.२ गरुड़- प १५ ३ ३

जड़िया- १५ ५५.१ गाड़- र. ३.८

घोड़ा- प. ४.२ गुड़- प. ५९.३

ढ ढंढोरता- ९.२२.२

ढड्ढा-चौ.र.४.७

ठ ढप- सा. ६.९.१ अढ़ाई- प. ११४ पढ़

ढीकुली सा. १२.६.१ ओढ़न- प. ५३.५

ढंढ- चौ. २.४.२ काढ़ि- प. २६.२ टेढ़ प. ४४.२

पढ़ता- प. १६१.५ गढ़ प. २५.१

पढ़नसाल- प. २६.२

ढ़ ढूढ़िया- ६.४.१

गढ़न- प. ६६.२

गाढ़ि- प. १३०.२

त् तेगी- प. १९ अतर- चौ २.५.१ अगत प. ४९.१

तपुं- प. ४६.४ भगत प. १.४

थ् थापनि १.११.१ अथिर- १५.२५.१ अकथ प. ११७.९

थरहरें- प. ७०.२

द् दखिनं- सा. २.१३.२ अंदेस- सा. ६७.२ अहलाद-३०.२३.१

दरसन- प. १५.११

ध् धंध- र. १४.३ अंधरा- १५७.६ अध- प. ८५.१

प् पसु- प. ६७.५ अपर्ता- प. १५.१० अकलप-१२.८.१

पहार- प. २६.६ अपना- प. ६५.२

फ् फंक- चौ. र. ६.३ इफतरा- प. ८७.३

फंद- प. ९४.६ कनफूंका- प. १६५.५

ब् ब्- बंदा - प. १६३.८ अंबर- प. १२५.१ अजब- प. २.१

म् म् मंत्रर - प. ७०.१ - अचंभी - प. ११०.३ अगरम - प. ३६.३

भगत - प. १.४ कुंभ - प. ३४.८ शेष

ण्	ण्	णगां - चौ. ३.४.९	शाणां - चौ र. ४९ चांणक	गग - प. १३३.४ अजांण - सा.११.१०.२
न्	न्	नई - सा. ८. ३. २ नगरिया - प. ९५. १	अगना - प. १५.६	अकन - प. १६०.३
	ङ.		कंकंस ककर-प. १३.१.५ कंगन : प. १७. ४	
	ञ		कंगुरे: : १४.३६.२ कंचन प. ३२.४ कुंजर प. २३.६ कुंजो प. ८०.४	
	[न्—ण्]			गुन गुग
न्ह	न्ह	न्हवाए- प. १७७ २ न्हाई - १२ ७ १ न्हान - ९.३२.१	चोन्हाँ - प. ११५.३	इन्ह - प २०.४ कान्ह - प १३६ १३१.
म्	म्	मछो - २.५४.२	अंतरजामी - प. १७.२	अगम - प. १.१०
म्ह	म्ह		बाम्हन - प. १६०.४ कुम्हार - सा. १२.१.२ कुम्हिलानी - प. ७०.३	
य्	य्	यह - प. १३.३ यू - प. १४१.३ सर्वनाम में केवल १२ बार प्रयुक्त किसी संज्ञा शब्द के आदि में नहीं	अंखियन- सा. २.३६.९ हिरया - ११.२.२	हिरय-प. १४९.९ शष
र्	र्	रंकु - प. ७८.२ रखवारा - प. १६२.२	अधियारा-सा. ९.१.२	अंगार - सा.२.५३.१
ल्	ल्	लंका - प. ९६.४	अंचलि - प. १६२.९	भाल - सा.४.३९.२
ल्ह	ल्ह		ओल्है - ७.१२.१ चूल्हे - ११०.७ कांल्हि	
व्	व्	वह - प. १४७.८ वारपार - र. १४.७	अंबरै - प. १२२.१३ स्वाद - प. २५.४	भाव - प. ४०.२ केसव - प. १९३.३

सर्वनाम में १४ बार
संज्ञा में केवल १ बार)

स्	स्	संकट - प. ९८.२	अंदेशा - १०.५.१	अंदेस - ६.७.२
	(श) श्री			
	(ष्)		अदिष्ट - १०.१६.२	
			अष्ट - प. १०८.३	
ह्	ह्	हंकारा - १९७.३		
	(अघोष)	हंडिया - १५.३०.१	कह्यो - प. २६.४	
ह्	(घोष)		अंगहिं - प. १६०.७	खेह - प. १७४.४
			कहूं - प. २.२	

२.६ **स्वरग्राम क्रम** (स्वर संयोग या स्वरक्रम या स्वर गुच्छ)

